संख्याः 11001/06/2025-प्रशा0/एनसीवीईटी 2831

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्

चतुर्थ तल, कौशल भवन
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110023
दिनांकः 04-02-2026

## रिक्ति परिपत्र

विषय:- **राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी), नई दिल्ली में निदेशक के एक पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरना।**

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में निदेशक के एक पद को प्रतिनियुक्ति पर "फॉरेन सर्विस' शर्तों पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. निदेशक के पद के लिए अपेक्षित पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता/अनुभव आदि के साथ-साथ प्रारंभिक प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित पद के ब्यौरे निम्नानुसार है: -

| क्र. सं. | पद का नाम और वेतन बैंड लेवल | पात्रता शर्तें | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | **निदेशक**<br>7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन लेवल - 13 (रु.1,23,100 से रु.2,15,900)<br><br>(पूर्व संशोधित वेतनमान पीबी-4+जीपी रु. 8700 के अनुरूप) | **अनिवार्य:**<br>1) अखिल भारतीय सेवा या केंद्रीय सिविल सेवा समूह **"क"** या राज्य सरकार या स्वायत्त संगठनों या नियामक प्राधिकरणों, केंद्रीय/राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों या केंद्रीय/राज्य सरकार के शैक्षणिक या अनुसंधान संस्थानों आदि के अधिकारी, **और**<br>2. क) मूल संवर्ग या विभाग में सदृश पद या ग्रेड में नियमित आधार पर कार्यरत; **या**<br>ख) वेतन लेवल 12: (रु. 78800/- से रु. 209200/-) में तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त **या**<br>ग) वेतन लेवल 12: (रु. 78800/- से रु. 209200/-) और वेतन लेवल 11: (रु. 67700/- से रु. 208700/-) में छह वर्ष की संयुक्त सेवा, जिसमें से वेतन लेवल 12: (रु. 78800/- से रु. 209200/-) में कम से कम दो वर्ष की सेवा **या**<br>घ) वेतन लेवल 11: (रु. 67700/- से रु. 208700/-) **या** समतुल्य; **या** वेतन लेवल 11: (रु.67700/- से रु.208700/-) और वेतन लेवल 12: (रु.78800/- से रु.209200/-) में संयुक्त रूप से दस वर्ष की सेवा। | 01 (एक) पद जिसे बढ़ाया जा सकता है।<br><br>प्रारंभ में 3 वर्ष की अवधि के लिए, जिसे नियमानुसार और एनसीवीईटी की आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **वांछनीय:**<br>**<u>शिक्षा</u>**<br>1) इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी/लॉ/इकोनॉमिक्स/कॉमर्स/फाइनेंस एवं अकाउंट्स के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में बैचलर डिग्री/सीए/सीएस/कॉस्ट अकाउंटेंट **या** एमबीए **या** संबंधित क्षेत्र में कोई भी समकक्ष यूजी/पीजी डिग्री (शिक्षा / वोकेशनल शिक्षा **या** पाठ्यक्रम) इत्यादि जिसे चयन समिति द्वारा उपयोगी माना जाए।<br>**<u>अनुभवः-</u>**<br>1) कौशल/प्रशिक्षण/व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव **या** कौशल पारिस्थितिकी तंत्र की समझ होना।<br>2) मानव संसाधन विकास या प्रशासन एवं लेखा का अनुभव होना।<br>3) लिखित और मौखिक दोनों ही रूपों में असाधारण संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल होना चाहिए और कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो।<br>4) तीक्ष्ण, प्रतिभाशाली, नवोन्मेषी एवं ऊर्जस्वी सरकारी अधिकारी जो उस टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हों जो वर्तमान समय में भारत में प्रकाशित-प्रसारित हो रहे कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में रोमांचक परिवर्तन का सर्जन कर रही है। | |

टिप्पणी: फीडर श्रेणी के वे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आए व्यक्ति भी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। (केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष है)।

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजनार्थ, दिनांक 01-01-2016 (वह तिथि जिससे 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित संशोधित वेतन संरचना को विस्तारित किया गया है) से पूर्व, ऐसे मामलों को छोड़कर जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों का एक सामान्य ग्रेड वेतन या वेतन के साथ एक ग्रेड में विलय हो गया हो, और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) के लिए विस्तारित होगा, जिसका ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है, किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित संगत ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा।

4. एनसीवीईटी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17-06-2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2000- स्थापना (वेतन-II) में निहित, समय-समय पर संशोधित प्रावधानों द्वारा शासित होगी। एनसीवीईटी के पास उपर्युक्त रिक्ति को नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित है।

5. इस पद पर वेतन के अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए समय-समय पर लागू दर के अनुसार डीए, एचआरए एवं परिवहन भत्ता आदि देय है। मौजूदा सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियमों के अनुसार चिकित्सा प्रतिपूर्ति स्वीकार्य है।

6. **एनसीवीईटी सामान्य पूल आवासीय सुविधा हेतु पात्र कार्यालय नहीं है।**

04/2/26.

7. अनुरोध है कि पात्र व्यक्ति, जो अपेक्षित योग्यता की पूर्ति करते हों और जिनकी उपर्युक्त पद पर नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता हो और जिन्हें तत्काल सेवामुक्त किया जा सकता हो, उनके सब प्रकार से पूर्ण विवरण, **अनुबंध-I** पर संलग्न प्रोफ़ॉर्मा में इस कार्यालय को उचित माध्यम से अग्रेषित कर दिए जाएं।

8. आवेदनों के साथ, विगत दस वर्षों का नो-पेनल्टी प्रमाण पत्र और विगत पांच वर्षों की अद्यतन एसीआर/एपीएआर, और साथ ही विजिलेंस क्लियरेंस तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (**अनुबंध-II** के अनुसार), एक सीलबंद लिफाफे में भेज दिया जाए, ताकि यह इस कार्यालय में दिनांक **02-03-2026** तक अवश्य प्राप्त हो जाए। लिफाफे के ऊपर **"निदेशक के पद हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए।

9. हर प्रकार से पूर्ण आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजे जाएं :-

उप निदेशक (प्रशासन),
**राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्**
चतुर्थ तल, कौशल भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110023.
ईमेल: career.ncvet@gmail.com

**इस कार्यालय में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 02-03-2026 है।**

(हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी भी अंतर या विवाद के मामले में अंग्रेजी पाठ ही मान्य (Prevail) होगा।)

दिलीप 04/2/26

(दिलीप कुमार यादव)
उप निदेशक (प्रशासन)

अनुबंध - I

# एनसीवीईटी में निदेशक के पद (प्रतिनियुक्ति पर) के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट आकार<br>का<br>नवीनतम<br>फोटोग्राफ |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम<br>(मोटे अक्षरों में) | |
| 2 | आवेदित पद (विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग आवेदन भेजें) | |
| 3 | जन्म तिथि (डीडी/एमएम/वाईवाईवाईवाई) | |
| 4 | सेवानिवृत्ति की तिथि<br>(डीडी/एमएम/वाईवाईवाईवाई) | |
| 5 | किस सेवा से संबंधित हैं | |
| 6 | आपके वर्तमान नियोक्ता की स्थिति (कृपया निर्दिष्ट करें कि क्या केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/ सांविधिक निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/विश्वविद्यालय/न्यायिक संस्थान/अन्य से हैं) | |
| 7 | सरकारी सेवा में नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि | |
| 8 | कार्यालय का पता, टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर | |
| 9 | आवासीय पता, टेलीफोन नंबर और मोबाइल नंबर | |
| 10 | वर्तमान धारित पद, धारित पद का वेतन स्तर एवं वर्तमान मूल वेतन/वेतनमान/वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन। | |

04/2/26

| | | |
|---|---|---|
| 11 | कृपया क्रम संख्या 1 और "अनिवार्य" शीर्षक के अंतर्गत 2 (क), (ख), (ग) और (घ) के अनुसार पात्रता का उल्लेख करें। | |

12 शैक्षिक योग्यताएं (मैट्रिक से आगे) प्रमाण पत्रों/डिग्री एवं अंकपत्रों की प्रतियां संलग्न करें

| उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पाठ्यक्रम की अवधि | विषय | उत्तीर्ण परीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

13 कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या नीचे दी गई प्रविष्टियों के आधार पर आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य शिक्षा एवं अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं (यदि किसी योग्यता को नियम में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें)

अपेक्षित योग्यता / अनुभव

**अनिवार्य**:

क) सेवा

ख) अनुभव (2 (क), (ख), (ग) और (घ)

**वांछनीय**

क) शिक्षा

ख) अनुभव

14 यदि आवश्यक हो, तो एक अलग शीट पर नीचे दिए गए प्रारूप में अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित अनुभव का विवरण (क्रमानुसार) संलग्न करें:

| क्र. सं. | कार्यालय / संस्था / संगठन का नाम | धारित पद (पदनाम) | सेवा अवधि | | नियुक्ति की प्रकृति (नियमित / तदर्थ / प्रतिनियुक्ति) | वेतनमान स्तर/ वेतन बैंड / ग्रेड वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | | |
| | | | | | | | |

04/2/26

| | | |
|---|---|---|
| 15 | सामाजिक/विकास क्षेत्र; कौशल/प्रशिक्षण/व्यावसायिक शिक्षा के सामाजिक/विकास क्षेत्र में नीति एवं योजना, कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण एवं निगरानी या कौशल पारिस्थितिकी तंत्र/मानव संसाधन विकास या प्रशासन और वित्त की समझ में अनुभव, यदि कोई हो, तो उनका कालानुक्रमिक क्रम में विवरण:- | |
| 16 | वर्तमान रोजगार की प्रकृति<br>अर्थात स्थायी/तदर्थ/अस्थायी | |
| 17 | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति पर है, तो कृपया बताएं:<br>क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि<br>ख) नियुक्ति की अवधि एवं पता<br>ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम | |
| 18 | प्राप्त प्रशिक्षण का विवरण | |
| 19 | कम्प्यूटर में दक्षता का विवरण | |
| 20 | कोई अन्य जानकारी जो आवेदक देना चाहता हो | |
| 21 | कृपया संक्षेप में बताएं कि आप आवेदित पद के लिए स्वयं को किस प्रकार सर्वाधिक उपयुक्त पाते हैं | |

**टिप्पणी:** जिन आवेदकों का पद केंद्र सरकार से संबंधित नए वेतन मैट्रिक्स वेतनमान/वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन में नहीं है, उन्हें केंद्र सरकार के वेतनमानों की तुलना में अपने वेतनमान की समतुल्यता का संकेत देना चाहिए और इसके समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत करना चाहिए।

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भली प्रकार जानता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित बायोडाटा का इस पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही और सत्य है। मेरे चयन की स्थिति में, मैं पद से जुड़ी निबंधन और शर्तों का पालन करूंगा।

स्थान
दिनांक

(हस्ताक्षर)

नाम ____________________

<u>अनुलग्नकों की सूची:</u>

1.
2.
3.
4.

Sd/- 04/2/26

(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र)

2. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई जानकारी/ब्यौरे अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उसे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्राप्त है। चयनित होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

यह भी प्रमाणित किया जाता है:-

(i) कि श्री/श्रीमती/सुश्री के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

(ii) कि उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) कि उनकी एसीआर/एपीएआर डोजियर मूल रूप में संलग्न है/पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न हैं।

(iv) कि पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगायी गयी है या पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी पेनल्टियों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)

(v) कि कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को इस विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक के नाम पर विचार किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

हस्ताक्षर ____________________

नाम एवं पदनाम ____________________

टेलीफोन नं. ____________________

स्थान

दिनांक

कार्यालय की मुहर

दिलीप
04/2/26